उतार ने रे, चुला लारे मेली दीन ॥ ४ ॥ स्वान एक आयो तिण समै रे, पाप तणे प्रमाण। लोयो कठोती रो ले गयो रे, जद ते स्वान लारे न्हाठो जाण ॥ तं० ॥ ६ ॥ स्वान लारे भिख्याचर न्हासतां रे, आखुर पडियो अचाण। हाथ माहें जे लोयो हुं-तो रे, ते धूल में बिखरियो पिछाण ॥ तं० ॥ ७ ॥ तत् खिण पाछो आवी तदा रे, देखण लागो तिवार। चूला लारे रोटी पड़ी हूंती रे, लेगई तास मंजार ॥ तं० ॥८॥ तवा तणो तवे बलगई रे, खोरांरी खीर हुय गई छार। पांचूं बिललाई इण रीत सूं रे, पाप तणा फल धार ॥ तं० ॥९॥ इमहिज एक भागां थकां रे, पांच जावे परवार। दोषण थापे जे जाण ने रे, भव २ होवै खुवार ॥ तं० ॥ १० ॥ दोष सेव्यां डंड संपजे रे, डंड जितोई भागंत। नवी दिख्या आवै जेह थी रे, ते दोष सेव्यां सर्व जावंत ॥ तं० ॥ ११ ॥ भिक्खु स्वाम भली परै रे, दीधो वारु दृष्टन्त हलुकर्म्मी सुण हर-षिये रे, भारी कर्म्मा भिड़कंत ॥ तं० ॥ १२ ॥ पचीसमी ढाल परवरी रे, भिक्खु बुद्धि भरपूर। नित्य प्रति हूं वन्दना करूं रे, पौह ऊगंते सूर ॥ तं० ॥ १३ ॥

—

आधा कर्मो जायगा, थानक तिणरो नाम।
एहवा थानक भोगवै, वले कहै निरदोषण ताम ॥ १ ॥
वलि कहै म्हे मुख सूं कद कह्यो, जद बोल्या भिक्खु स्वाम।
जाय जमाई सासरै, ते पिण न कहै ताम ॥ २ ॥
मुझ निमते सीरो करो, इम तो न कहै तेह।
पिण कीधो ते भोगवै, जद दूजी बार करेह ॥ ३ ॥
जो सीरा ना सूंस करै, तो न करै दूजी वार।
त्याग नहीं तिण सूं करै, भोजन विविध प्रकार ॥ ४ ॥
ज्यूं भेषधारी रहै थानक मझे, वले कहै मुख सूं ताम।
थानक मुझ निमते करो, इम म्हे कद कह्यो आम ॥ ५ ॥
त्यां निमते कियो भोगवै, फिर करै दूजी वार।
त्याग करै थानक तणा, तो आरम्भ टलै अपार ॥ ६ ॥
वले डावडो कद कहै, करो सगाई मोय।
पिण सगपण कीधां पछै कुण परणीजे सोय ॥ ७ ॥
वलि बहु वाजे केहनी, घर किणरो मंडाय।
डावड़ा तणोज जाणज्यो, थानक एम गिणाय ॥ ८ ॥
थानक बाजे तेहनो, मांहि पिण रहै तेह।
न कह्यो थानक नो तिणां, पिण सहु काम करेह ॥ ९ ॥

॥ ढाल २६ मी ॥

(कपिरै प्रिया संदेशो कहेय० ए देशी)

गच्छवास्यांरे उपासरे रे, मथेरण तणी पोशाल।
फकीर रे तकियो कहै रे, नाम में फेर निहाल रे ॥
जीव स्वाम बुद्धि विशाल ॥ १ ॥ स्वाम बुद्धि अति
शोभती रे, निर्मल न्याय निहाल रे ॥ जी० ॥ २ ॥
कान फोडां रे आसण कहै रे, भक्तां रे अस्तल भाल।

भक्त फुटकर तेहने रे, मंढी नाम निहाल ॥ ३ ॥
सन्यासां रे मठ कहै रे, रामसनेह्यां रे गेह। राम
दुवारो केईक कहै रे. राम मोहल कहै केह ॥ ४ ॥
घरराधणी रे घर कहै रे सेठ रे. हवेली सुहाय।
कहै गाम धणी रे कोटरी रे, किहांएक रावलो
कहाय ॥ ५ ॥ राजा रे महल कहै सही रे, कांयक
ठौर दरबार। साधां रे थानक बाजतो रे, नाम में
फेर बिचार ॥ ६ ॥ सगलाई घरां घर अछै रे,
कठेएक बुहा कोदाल। किहांयक कनो बुहो सही
रे, आधाकर्म्मी असराल ॥ ७ ॥ आरम्भ तो षट-
कायनो रे. हुवो ज्यूं रो ज्यूं जाण। अरिहंत नी नहिं
आगन्यां रे छः कायनों घमसाण ॥ ८ ॥ घर छोड़्या
मुख सूं कहै रे, गाम २ रह्या घर मांड। तिण घर
रो नाम थानक दियो रे, रह्या भेष ने भांड ॥ ९ ॥
आधा कर्मी थानक भोगव्यां रे. महा सावज किरिया
संभाल। दूजे आचारङ्ग देखल्यो रे, कह्यो दूजे अध्ययने
दयाल ॥ १० ॥ आधा कर्म्मी आदर्‌यां रे, चौमासी
डंड पिछाण। निशीथ दशमें निहालज्योरे, वीर
तणी एह वाण ॥ ११ ॥ आधा कर्म्मी भोगव्यांरे
रुले अनन्तोकाल। पहले शतक भगवती में पेख-
ल्यो रे, नव में उदेशे निहाल ॥ १२ ॥ इत्यादिक

बहु वारतार, आखी आगम माहिं। भिक्खु तास भली परै रे, रुड़ी रीत दीधी ओलखाय ॥ १३ ॥ उत्पत्तिया बुद्धि अति घणी रे, अधिक उजागर आप। निश दिन मनड़ो मांहरोरे जप रह्यो आप रो जाप ॥ १४ ॥ स्वप्ने सूरत स्वामनी रे देखत ही सुख होय। प्रत्यक्षनो कहिवो किसूं रे, शरण आपनो मोय ॥ १५ ॥ आदि जिणंद तणी परै रे, ओलखायो श्रद्धा आचार। जन्म जन्म किम विसरेरे तुझ गुण अनघ अपार ॥ १६ ॥ बारु ढाल छबीसमी रे, भिक्खु गुण मुझ चित्त। याद आयां हियो हुलसैरे; परम आप सूं प्रीत ॥ १७ ॥

॥ दोहा ॥

भारीमाल शोभे भला, पूज्य भीखण जी पास।
बारूं कला वखाणकी, घन जिम शब्द गुंजास ॥ १ ॥
नित्य वखाण दे .नरमलो, ऊपर भिक्खु आप।
दान दया दीपावता, सुणतां टलै संताप ॥ २ ॥
हलुकर्मी हरखे घणा, भारी कर्मी भिड़कन्त।
अलगाही अवगुण करै, विकल वचन विलपन्त ॥ ३ ॥
किणहिक भिक्खु ने कह्यो, वर तुमें करो वखाण।
निन्दक ए निन्द्या करै, अलगा बैठ अजाण ॥ ४ ॥
भिक्खु उ::र दे भलो. स्वान तणुंज स्वभाव।
झालर रो झिणकार सुण, रोवण केरो राव ॥ ५ ॥

नीच इती जाणै नहीं, ए झालर अधिकार ।
व्याव तणी वाजै अछे, के मुवांनी धार ॥ ६ ॥
ज्यूं ए पिण जाणै नहीं, वाचै ज्ञान वखाण ।
राजी रहणो ज्यांही रह्यो, अवगुण करै अजाण ॥ ७ ॥
उलटी निन्द्या ए करे, निन्द्या तणोज न्हाल ।
स्वभाव थांरो छै सही, झूठी करे जखाल ॥ ८ ॥
ऐसी वुद्धि उत्पात री, निर्मल अपूर्व न्याय ।
मेले मुनि महिमा निला, स्वाम घणा सुखदाय ॥ ९ ॥

॥ ढाल २७ मी ॥

(हो म्हारा राजा रा)

स्वाम भिक्खु गुरु महा सुखदाई । भारीमाल शिष्य अति भारी, अमृत वाण सुधासो अनोपम, हद देशना महा हितकारी । हो म्हारा शासण रा शिणगार स्वामी जी भिक्खु भारीमाल ऋष भारी ॥ १ ॥ हद वाण सुणी हलुकर्म्मी हरषै, द्वेषी बोल्या धर्म्म द्वेष धारी । सवादोय पोहर रात्रि आइंसो, थाने कल्पै नहीं इणवारी ॥ २ ॥ भिक्खु कहै दुःखनी रात्रि भूंडी, झट सुख निशा सोहरी जावै । समी सांज माहे मनुष्य मूआं सूं, लोकां में रात्रि मोटी लखावै हो ॥ ३ ॥ संत बखाण देवै ते न सुहावै, ज्यांने रात्रि घणीज जणावै । दंभ मिल्यां तो अधिक न दीसै, आतो पोहर रे आसरे आवै ॥ ४ ॥ दोहा सहित दिया दृष्टन्त दोनूं, पैता-

लीसै शहर पींपार । तंत चौमास सोजत में तेपने, उठै हुवो घणो उपगार ॥ ५ ॥ किणहिक स्वाम भिक्खु ने कह्यो, इम उपगार तो आछो कीधो । जीव घणाने समझाया, जुगति सूं लाभ धर्म्म रो लीधो ॥ ६ ॥ वलता भिक्खु कहै खेती तो बाही, पिण गामरे गोरवें पेखो । सो खर नहीं आय पड़्यां तो टिकसो, बाकी कठिन है अधिक विशेषो ॥ ७ ॥ गधा समान पाखण्डी गिणिये, जिहां जाणो विशेष जिणारो । खेती समान धर्म्म खय करदे, तिण सूं संग न करणो तिणारो ॥ ८ ॥ किणही कह्यो देवो दृष्टन्त करला, स्वामी नाथ बोल्या सुण वायो । करड़ो रोग उपनां गंभीर केरो, मृदु फुजाल्यां केम मिटायो ॥ ९ ॥ हलवाणी रा डाम लागां हुवै हलको, गंभीर रो रोग गिणायो । करड़ो मिथ्यात रोग मिटावण काजै, करडा दृष्टन्त कहायो ॥ १० ॥ किणही स्वामी जी ने पूछा कीधी, कवी बुद्धिवालो समझे न कांई । मुनि भिक्खु कहै दाल मूंग मोंठांरी, फिर दाल चणा री पिण थाई ॥ ११ ॥ पिण गोहांरी दाल हुवै नहीं, प्रत्यक्ष ज्यूं भारी करमा न समझै जाणी । हलुकर्म्मी बुद्धिवान हुवैते, पक्ष छांडै जिण धर्म्म पिछाणी ॥ १२ ॥ शुद्ध जाब दूजो देवे तिण में

न समझे, आपरी भाषा रो ही अजाण। दृष्टन्त स्वाम ते ऊपर दीधो, समझावण काज सयाण॥ १३ ॥ एक बाई बोली म्हारो भर्तार एहवो, अखर लिखे ते अधिक अजोग। बीजा सूं अखर बचे नहीं बिरुआ, मोने ठोठरो मिल्यो संयोग॥ १४॥ इतरे दूजी कहै मुझ पिउ इसड़ो, पोतारा लिख्या अखर पिछाणो। जे पिण पोता सूं बच्या नहीं जावै, अति ही मूर्ख एहवो अजाणो॥ १५॥ ज्यूं आपरी भाषाने आप न जाणै, केवली भाख्यो धर्म्म किम आवै। सरधा तो परम दुर्लभ कही सूत्रे, परबीण हलुकर्म्मी पावै॥ १६॥ पाखंड्यां रो मग गायां री पगडांडी, दूर थोड़ी तो मारग दीसै। आगे उजाड़ मोटी अटवी में, दुष्ट कांटा बिषम दूधरीसे॥ १७॥ ज्यूं दान शीलादिक अल्प दिखाई, पाखण्डी पछै हिंसा पमावै। आगे चले नहीं ये उन्मारग, जाव माहें घणा अटक जावै॥ १८॥ पातशाही रास्ता जिम पंथ प्रभु नो, नहीं अटकै कठेई ते न्यायो। दृष्टन्त पाग तणो स्वाम दीधो, पार थेट तांई पोंहचायो॥१९॥ पाग चोरी ल्यायां पूछ्यां न पूगै, मुदो थेट तांई न मिलाई। साचो कहै मोल लियो कुण सेती, रुड़ी अमकडियां पास रंगाई इम साची सरधा न्याय

किहांई न अटके, झूठी सरधा अटकै, झोला खावै। दृष्टन्त स्वाम भिक्खु एहवा दीधा, दान दया आज्ञा दरशावै ॥ २१ ॥ एहवा भिक्खु स्वाम आप उजागर, ज्यांरा गुण पूरा कह्या न जावै। इद न्याय सुणो हरषे हलुकर्म्मी, भारी कर्म्मा सांभल भिड़कावे ॥ २२ ॥ सखर ढाल कही सतबोसमी, दृष्टन्त भिक्खु रा दिखाया। मति श्रुत सूं बर न्याय मिलाई, स्वामी जीव घणा समझाया ॥ २३ ॥

॥ दोहा ॥

किणहिक भिक्खु ने कह्यो, सूंस करावो सोय।
ते लेई भागै तिको, पाप आपने होय ॥ १ ॥
स्वामी भाखे सांभलो, कोयक साहुकार।
वस्त्र किणने वेंचियो, सौ रुपयांरो सार ॥ २ ॥
नफो मोकलो नीपनो, वेंच्यो तास विचार।
वलि वस्त्र लेवालरा, सांभलजो समाचार ॥ ३ ॥
कपड़ो लीधो तिण किया, एक एक रा दोय।
तो पिण नफो उण तणो, वेंच्यो तास न होय ॥ ४ ॥
कपड़ो जो लेई करी, जाले अग्नि मझार।
तोटो पिण उण रै तिको, बेच्यो तसु म विचार ॥ ५ ॥
समझाई म्हे सूंस द्यां, तिणरो नफो अमाम।
हमने तो ते हो गयो, तोटा में नहीं ताम ॥ ६ ॥
सूंस पालसी अति सखर, थिर फल तेहने थाप।
भाग्यां दोषण उण भणी, पिण म्हांने नहीं पाप ॥ ७ ॥

वलि दूजो दृष्टान्त वर, दुमिने किण घृत दीध।
मुनिने वहराई जिय मूआ, पाप तास असिद्ध ॥ ८ ॥
अथवा मुनि अन्य साध ने, घृत दे वन्दे जिन गीत।
तो पिण फल ते मुनि तणे, हिव गृही ने नहिं होत ॥ ९ ॥

॥ ढाल २८ मीं ॥

(आज शहर में बाई० एदेशी)

वैरागी री वाणी सुणयां वैराग वाधै, दियो स्वाम भिक्खु दृष्टान्तो रे लो। कसुंबो आप गल्यां गालै कपड़ो, आवै रंग अत्यन्तो रे लो, स्वाम भिक्खु तणा दृष्टान्त सुणजो ॥ १ ॥ गांठ कसुंबारी गाढ़ी बांधै, पोते गलियां विण रंग न पमावै रे लो। ज्यूं वैराग हीण तणी वाणी सूं अति वैराग किण विध आवै रे लो ॥ २ ॥ भेषधारी कहै म्हे जीव बचावां, भीखणजी नाहिं बचावै रे लो। भिक्खु कहै थारा रह्या बचावणा, मारणाज छोड़ो मन ल्यायो रे लो ॥ ३ ॥ थानक मांहि रहो किवाड़ जड़ो थे, जीव घणा मर जावे रे लो०। किवाड़ जड़वाणा सूंस किया सूं, बणा जीवांरी घात न थावै रे लो ॥ ४ ॥ चौकीदार हुंतो सो चौकी देणी तो छोड़ी, चोरी करवा लागो छाने छानेरे लो०। कहे लोका ने चौकी द्यूं करूं जावता, मैंनत रा पैसा देवो थे म्हानेर लो ॥ ५ ॥ चौकी रही थारी चोर्यां

छोड़ तूं, बोल्या लोक तिवारे रे लो। दिनरा तो घर हाट देखी जावै, पछै रात्रि समै आय फाड़ै रे लो ॥ ६ ॥ पइसो पइसो तेहने देणां परहो, घर बैठी ने गिणाव्यो रे लो०। ज्यूं भेषधारी कहै म्हे जीव बचावां, मारणा छोड़ो भिक्खु फुरमायो रे लो० ॥ ७ ॥ किणही पूछ्यो ऋषपाल मुनि कह्यां, रिख्या करै किण रीतो रे लो०। भिक्खु कहै ज्यूं छै तिम हिज राखणा, आघा पाछा न करणा अनीतो रे लो ॥ ८ ॥ पशु लिलोती चरता ने मुनि पेखै, किम ऋषपाल कहीजै रे लो०। त्रिविधे त्रिविधे हणवा त्याग्यो ते, रक्षक अभय सर्व ने आपीजै रे लो० ॥ ६ ॥ कोई कहै हिवड़ां पंचम काल छै, पूरो साधपणो न पलायो रे लो०। तब पूज्य कहै चौथा आरा में तेलो कितरा दिनारो कहायो रे लो० ॥ १० ॥ तब ते बोल्या तीन दिनरो तेलो, चौथे आहारै चित्त चाह्यो रे लो०। भिक्खु पूछ्यो एक मूंगारो भोगव्यां, तेलो रहे के भागै ताह्यो रे लो० ॥ ११ ॥ तब ते बोल्यो परहो भागै तेलो, इम चौथे आरा रो तेलो उलखायो रे लो। फेर स्वामी पूछै पंचम आरै किता दिवस रो तेलो कहायो रे लो० ॥ १२ ॥ तब ते बोल्यो तेलो तीन दिनारो, पंचम आरै पिछाणी

रे लो० । भिक्खु कहै एक भूंगरो खाधां, शुद्ध रहे के भागे सो जाणी रे लो० ॥ १३ ॥ तब ते बोल्यो परहो भागे तेलो, बलि पूज बोल्या वायो रे लो । भूंगरा सूं ई तेलो परहो भागै, दोष थाप्यां संजम किम ठहरायो रे लो० ॥ १४ ॥ काल दुखमरे माथे कांय न्हाखो, नेयंठे छहूं चरण ते नीको रे लो० । पंचम चौथा आरा में प्रत्यक्ष, सहुरे त्याग है एक सरीखो रे लो० ॥ १५ ॥ दोष लागांरो डंड दोनूं आरा में, डंड लीधां चारित्र दोनूं आरो रे लो० । दोनूं आरा माहे दोष थाप्यां सूं, चारित दोनूं आरा में हुवै छारो रे लो० ॥ १६ ॥ भिक्खु स्वाम दृष्टान्त भली पर, बारु भिन्न २ भेद बताया रे लो० । इयां पुरुषां जिण माग जमायो, स्वामो चार तीर्थ सुखदाया रे लो० ॥ १७ ॥ एहवा पुरषां रा औगुण बोले, कृतघ्न कर्म्म रेख काली रे लो० । दुर्लभ बोध अवर्णवाद सूं दाख्यो, सूत्र ठाणांग लीजो संभाली रे लो० ॥ १८ ॥ अष्टवीसमीं ढाल अनोपम, भिक्खुरा दृष्टन्त भाली रे लो० । उत्पत्तिया भेद मति रो है आछो, नन्दी में पाठ निहाली रे लो० ॥ १९ ॥

॥ दोहा ॥

किणहिक भिक्खु ने कह्यो, संजम लेऊं सार।
मन उठे है मांहरो, स्वाम कहै सुख कार ॥ १ ॥
घर में पुत्रादिक घणा, रुदन करै घर राग।
तुझ काचो हियो तेहथी, अति ही कठिन अथाग ॥ २ ॥
न्याती रोता निरखने, मोह धरो मन मांहि।
तूं पिण रुदन करै तदा, काम कठिन कहिवाय ॥ ३ ॥
तिण कह्यो स्वामी नहन वच, आंसू तो आय जाय।
परियण रोता पेखने, म्हारै पिण मोह आय ॥ ४ ॥
स्वाम कहै कोई सासरे जाय जमाई जाण।
आणो ले आतां छतां, त्रिय तो रोवै ताण ॥ ५ ॥
पिण उणरी देखा देख पिउ, जेह जमाई जोय।
रुदन करै मोह राग सूं, हांसी जग में होय ॥ ६ ॥
त्रिय रोवे पीयर तणो, वियोग पड़े विशेष।
वर रोवे किण वासते, उपनय कहूं अशेष ॥ ७ ॥
ज्यूं संयम लेवे जरे, स्वार्थ रुदन स्वजन।
तत चारित लेवे तिको, मोह धरे किम मन ॥ ८ ॥
तिण सूं संयम कठिन तुझ, दियो इसो दृष्टन्त।
वलि हेतु आख्या विविध, स्वाम भला शोभंत ॥ ६ ॥

॥ ढाल २६ वीं ॥

(भरत जी भूपं० ए देशी)

जगत् तो मोह ने दया जाणे छै। दया ओलखणी दोहरी, प्रत्यक्ष राग अठारै पाप में ॥ साची श्रद्धा नहीं सोरीरा, भविकजन भिक्खु ना दृष्टन्त

आरी ॥ १ ॥ पूज मोह ओलखायो प्रत्यक्ष, दियो एहवो दृष्टान्तो। परणयां पछै कोई परभव पोंहतो बाल अवस्थावन्तो ॥ २ ॥ मुओ देख हाहाकार माच्यो, त्रिया रोवै तिण वेला। प्रत्यक्ष हाय हाय शब्द पुकारै, भय चक्क जन हुवा भेला भ० ॥ ३ ॥ कहै बाप री छोरी रो घाट कांई होसी, इणरी देखो अवस्था ऐसी। बारह वर्ष री बिधवा होई सो, किण बिध दिन काढैसी भ० ॥ ४ ॥ एम विलाप करै लोक अधिका, जगत इणने दया जाणै। करुणा दया एह छोरी री करेछै, मूरख तो इम माणै ॥ ५ ॥ पण भोला इतरी नहीं पेखे, ए बंछे इणरा काम भोगो। जाणे ओ रह्यो हुंतो जीवतो तो, सखर मिल्यो थो संजोगो भ० ॥ ६ ॥ दोय चार होता डावरा डावरी, भोग भला भोगवती। पिण न जाणै आ काम भोग थी, माठी गति माहिं पड़ती ॥ ७ ॥ तिणरी चिन्ता तो नहीं तिणने, तथा पिउ किण गति पांगरियो। ते पिण मूल चिन्ता नहिं त्यांने, जगत् माया मोह जुड़ियो भ० ॥ ८ ॥ ज्ञानी पुरुष मरण जीवण सम गिणै, उलट सोग नहीं आणै। मूढ़ मिथ्याती मोह राग ने, जीवण ने दया जाणै ॥ ९ ॥ अथवा राग द्वेष रे ऊपर, दृष्टान्त दूजो दीधो।

डावरां रे किणही माथा में दीधी, साम्प्रत द्वेष प्रसिद्धो ॥ १० ॥ उण ने सहु कोई देवै ओलूंभा, डावरां रे माथा में कांई देवै । क्रोध करि दियां द्वेष कहे सहु, कोई आछो नहीं कहवै ॥ ११ ॥ डावरां ने किणही लाडू दीधो, अथवा सूंठो दियो आणी । कोई न कहे इण ने कांई डबोवे, प्रत्यक्ष राग पिछाणी ॥ १२ ॥ ओ राग ओलखणो दोहरो, अति ही इण ने दया कहे छै अजाणो । दुर्जय राग दशम तांई देखो, वीतां वीतराग कहाणो ॥ १३ ॥ इम राग द्वेष भिक्खु ओलखाया, मोह राग पाखंडी दया माणै । स्वाम भिक्खु न्याय सूत्र शोधी, निरवद्य दया आज्ञा में आणै ॥ १४ ॥ भरत खेत्र में दीपक भिक्खु, दीपा समान दीपायो । जिहाज तुल्य भिक्खु यशधारी, प्रत्यक्ष ही पेखायो ॥ १५ ॥ याद आवै भिक्खु मुझ अहनिश, तन मन शरण तुमारो । त्यां पुरुषां नी आसता तीखी, जिण रो है सफल जमारो ॥ १६ ॥ गुण तीसमी ढाले ज्ञानी गरुना, वारु वचन बताया । कठा तलक भिक्खु गुण कहिये । चिर जश कलश चढाया ॥ ७ ॥

॥ दोहा ॥

विहरत पूज पधारिया, काफरले किण वार ।
संत गोचरी संचरया, आज्ञा लेई उदार ॥ १ ॥

एक जाटणी रे उदक, जाच्यो साधाँ जाय।
ते धोवण नहिं दे तिका, कहै देवै सो पाय ॥ २ ॥
साधाँ आय कह्यो सही, स्वाम पास सुविहाण।
एक जाटणी रे अधिक, पण नहीं देवे पाण ॥ ३ ॥
तब स्वामी आया तिहां, वाई जल बहिराय।
जब ते कहै देवै जिको, परभव में फल पाय ॥ ४ ॥
ओ धोवण द्यूं आपने, परभव धोवण पाय।
ओ जल पीधां जाय नहीं, मुझ सेंती मुनिराय ॥ ५ ॥
पूज तास पूछा करी, गाय भणी दे घास।
तिण री स्यूं दे ते गऊ, आपे दूध उजास ॥ ६ ॥
इम मुनि ने जल आपियां, परभव सुखफल पाय।
निर्दोषण ना फल निमल, स्वाम दई समझाय ॥ ७ ॥
जद आज्ञा दी जाटणी, वहिरी ने शुद्ध वार।
आप ठिकाणे आविया, ऐसी बुद्धि उदार ॥ ८ ॥
मति ज्ञान महा निर्मलो, भिक्खु नो भरपूर।
नीत चरण पालण निपुण, स्वाम सिंघ सम शूर ॥ ९ ॥

॥ ढाल ३० मी ॥

(भगवंत भाख्या ए देशी)

आज म्हारा पूज सूं रे पाखंड थरहड़े, सुरगिर आप सधीरो जी। पारश साचो रे भिक्खु प्रगट्यो, हद स्वाम अमोलक हीरो जी॥ आ ॥ १ ॥ पादु शहरे रे पूज पधारिया, उतर्या उपासरे आणो जी। शिष्य हेम संघाते रे गोचरी उठता, इतले कुण अवसानो जी ॥ २ ॥ आया दोय जणा तिण अवसरे, सामदासजी रा साधोरे। खांधे पोथ्यां तणा

जोड़ा खरा, मेला बस्त्र मर्य्यादो रे ॥ आ० ॥ ३ ॥
बिहार करन्ता उपाश्रे आविया, बोले सुख सूं बोलो
रे। कहे भीखणजीरे सीखण जी कहै, तव भिक्खु
बोल्या तोलो रे ॥ आ० ॥ ४ ॥ भीखण नाम म्हारो
स्वामी भणे. बलि ते बोल्या विशेखो रे। थाने देखण
री मन में हूंती, तब स्वाम कहै तुम देखो रे ॥ ५ ॥
बलि उवे बोल्या थे सगली बारता, आछी कीधी
आमामो जी। एक बात आछी नहीं आदरी, तब
पूज कहै कहो तामो जी ॥ ६ ॥ बलि ते कहिवारे
लागा बारता, म्हें बावीस टोलांरा साधो रे। त्यां
सगला ने असाध कह्या तिका, विरुई बात बिराधो
रे ॥ ७ ॥ मुनि भिक्खु कहे तुझ टोला मझे. लिखत
इसो अवलोयो रे। इकवीस टोलारो तुझ गण
आवियां, संयम देणो सोयो रे ॥ ८ ॥ ऐसो लिखत
थांरा गण में, अछे जाणो के थे न जाणो रे। जद
उवे बोल्या म्हे जाणां अछां, छै मुझ लिखत अछानो
जी ॥ ९ ॥ भिक्खु पभणे इकीस टोलां भणी,
थेइज प्रत्यक्ष उथाप्या रे। गृही ने दीख्या देई लो
गण मझे. थे गृही तुल्य त्यांनेई थाप्या रे ॥ १० ॥
इकवीस टोलां रा तुझ गण आवियां, दीख्या दे
लेवो मायोरे। गृही ने दीख्या देई लो गण विषै,

गृही तुल्य तास गिणायो रे ॥ आ० ॥ ११ ॥ इक-बीस टोला इम थेइज उथापिया, तुझ टोलो रह्यो तेहोरे । तिण रो लेखो बताऊं तो भणी, सांभल जो ससनेहो रे ॥ आ० ॥ १२ ॥ डंड बेला रो आवै जिण भणी, तेलो देवै तहतीको रे । तेलारो डंड आवै तिण भणी, श्री जिन वैण सधीको रे ॥ १३ ॥ इकवीस टोलाने साधश्रद्धो अछो, वले नवो साध पणो देवो रे । तिण लेखे दोख्या रं तुझ आवे नवी बिवेक लोचन सूं बेवो रे ॥ १४ ॥ थारो टोलो पिण इण लेखा थकी, उथप गयो उवेखो रे । इम बावीस टोला उथप गया, दरूभ तजी ने देखो रे ॥ १५ ॥ एम सुणी ने ने बोलया इण विधे, वारु वयण बिचारी रे । सुणो भीखण जो रे साचो वारता, बुद्धि तो थांरी भारी रे ॥ १६ ॥ इम कहि जावा रे लागा उण समै स्वाम कहै सुखकारो रे । रहो तो चर्चा करां रुड़ी तरे, न्याय तणो निर्धारो रे ॥ १७ ॥ तव उवे बोल्या सुझ रहिवा तणी, हिवड़ां थिरता न होयो रे । तत्-खण एम कही ने तिहां थकी, रह्या चालंता दोयो रे ॥ १८ ॥ ऐसी बुद्धि अनोपम आपरी. बुद्धिवन्त पामे विनोदो रे । चिमत्कार अति पामे चित्त मझे, प्रगट पणे प्रमोदो रे ॥ १९ ॥ रागी सुणने रे चित्त

में रति लहे द्वेषी द्वेषज धारे रे। उलट बुद्धि नर अवगुण आदरे; वच सुण मुंह बिगाड़े रे ॥ २० ॥ वर भिक्खु री सुन्दर वारता, सांभलतां सुखकारी रे। हलुकर्म्मी जन सुण हर्षे घणा, पूज वारता प्यारी रे ॥ २१ ॥ तंत तीसमी ढाल तणांसनी, अति बुद्धि भिक्खु नी एनो रे। अंतर्य्यामी रे याद आयां छतां चित्त में पामे चैनो रे ॥ २२ ॥

॥ दोहा ॥

विचरत पूज पधारिया, शिरियारी में सोय।
प्रश्न बोहरे पूछिया, जाति खींवसरा जोय ॥ १ ॥
जीव नरक में जाय तसु, तारण वालो नाम।
कुण है कहो कृपा करी, इम पूछ्यो अभिराम ॥ २ ॥
भिक्खु उत्तर इम भणे, सखर जाव सुखकार।
पथर कुवा में न्हाखियां, कुण तसु सांचणहार ॥ ३ ॥
कठिन पत्थर भारे करी, आफेई तल जाय।
कर्म भार सूं कुगति लहे, स्वाम कहै इम वाय ॥ ४ ॥
बोरे पूछा वलि करी, जीव स्वर्ग किम जाय।
कुण लेजावणहार तसु, वारु अथ बताय ॥ ५ ॥
भिक्खु कहै बोरा भणी, प्रत्यक्ष पाणी मांय।
काष्ठ न्हाखे कर ग्रही, ते किण रीत तिराय ॥ ६ ॥
तिण काष्ठ रे तल कहो, किण मांड्या है हाथ।
हलका पणे स्वभाव सूं, ऊपर तिर ने आत ॥ ७ ॥
हलको कर्म्म करी हुवां, जीव स्वर्ग में जाय।
सगला कर्म्म रहित सो, परम मोक्ष गति पाय ॥ ८ ॥

ऐसा उत्तर आपिया, बारु बुद्धि बिनाण ।
बलि उत्पत्तिया बुद्धि थकी, सखर जाव सुविहाण ॥ ६ ॥

॥ ढाल ३१ मी ॥

(देवे मुनिवर देशना, ए देशी)

पूज भणी किण पूछियो । हलको जीव किम होय । ललना । दृष्टान्त स्वामी दियो इसो । सांभल जो सहु कोय, ललना ॥ तंत दृष्टान्त भिक्खु तणा ॥१॥ तंत बचन तहतीक ल० तंत स्वाम नाव तारणी, न्याय तंत निरभीक ल० तं० ॥ २ ॥ पइसो मेले पाणी मझे ततखिण डूबे तेह । उणहिज पइसाने अग्नि में, अधिक ताप देवै एह ल० तं० ॥ ३ ॥ कुटी कुटी बाटकी करी, तिरे उदक में ताहि । ल० वलि उण बाटकी ने विषै, पइसो मेल्यां तिराय ल० तं० ॥ ४ ॥ तिम जीव संजम तप करी, करे आत्म हलकी कोय ल० करम भार अलगो कियां, तिरिये भव दधि तोय ल० तं० ॥ ५ ॥ किणही स्वाम भणी कह्यो, दुरंगा पात्रा देख ल० । काला धोला लाल किण कारणे, स्वाम कहे सुविशेष ल० तं० ॥ ६ ॥ विविध रंग कुंथुवा हुवै, इक रंग सूं दूजा पर आय । साम्प्रत दीसणो सोहिलो कारण एह कहाय ल० ॥ ७ ॥ अति भार हींगलु एकलो, कालो फोड़ो

कहिवाय ल० बलि सोहरो बासी उतारणो, इत्यादिक ओलखाय ल० ॥ ८ ॥ जु जूआ रंग देवै जूदा, निगम में बरज्या नाहिं । बर्ज्या ममत्व भावे करी, ते मम तरी थाप न ताहि ल० ॥ ९ ॥ बाल पणै स्वामी बेणी रामजी, भिक्खु प्रते भाषंत ल० हींगलू सूं पात्रा रंगणा नहीं, तब कहै भिक्खु तंत ल० ॥ १० ॥ म्हारे तो पात्रा रंग्या अछै, तुझ मन शंका हुवै ताम ल० । तो तुझ पात्रा रंगो मती, म्हें तो दोष न जाणा आम ल० ॥ ११ ॥ तब बोल्या बेणीरामजी, केलुथी रंगवा रा भाव ल० । भिक्खु तास भलो परै, निर्मल बतावै न्याय ल० ॥ १२ ॥ जो केलु लेवा तूं जाय छै, पहिला पीलो कचा रंग रो पेख ल० । पक्का लाल रंग रो आगे पड्यो पहिलो छोड़णो नहीं तुझ लेख ॥१३॥ पहिला देख्यो कच्चा रंग रो परिहरि. चोखो केलु हेरै चित चाहि ल० । जद तो ध्यान घणा रंगरोज छै, इम कहिने दिया समझाय ल० ॥ १४ ॥ ऐसी बुद्धि उत्पात्तरी, नहीं मान बड़ाई री नीत ल० । आतम अर्थी ओपता, पूरी ज्यांरी प्रतीत ल० ॥ १५ ॥ आप ववहार में ओलखी दोष जाणी कियादूर । निरदोष जाण्यो निर्मलो, सम आदरियो शूर ल० ॥ १६ ॥ प्रथम आचारंग पेखल्यो, पंचम अध्ययने पिछाण ल० ।

पंचम उदेशो परवड़ो, वीर तणी ए वाण ल० ॥१७॥ शुद्ध व्यवहार आलोचियां, असम्य पिण सम्य थाय ल० । ते कामी नहीं तिण दोष नो, शुद्ध साधुनी रीत सुहाय ल० ॥ १८ ॥ उत्तम ए पाठ ओलखो, कोई ओजरो भ्रम कर्म्म योग ल० । तो भिक्खुरी आसता राखियां, पामै सुख परलोग ल० ॥ १९ ॥ आखो ढाल इकतीसमी, भिक्खु बुद्धि भंडार । दृष्टान्त दिल में देखतां, चित्त पामै चिमत्कार ल० ॥ २० ॥

॥ दोहा ॥

किणही भिक्खु ने कह्यो, जीव छोड़ावै जाण ।
सूं फल तेहनो नीपजे, वर भिक्खु कहै वाण ॥ १ ॥
घट में ज्ञान घाली करी, हिंस्या छोड़ायां धर्म्म ।
जीवण वंछै जेहनो, कटै नहीं तसु कर्म्म ॥ २ ॥
ऊंची कर वे आंगुली, आखै भिक्खु आप ।
ओ वकरो रजपूत ओ, कहो बांधै कुण पाप ॥ ३ ॥
मरणहार डूबै सहा, के डूबै मारणहार ।
ओ कहै मारणहार सो, जासी नरक मझार ॥ ४ ॥
भिक्खु कहै डुवता भणी, तारै संत विचार ।
समझावे रजपूत ने, शिव मार्ग श्रीकार ॥ ५ ॥
जे वकरा रो जीवणूं, वांछे नहीं लिगार ।
तिण ऊपर दृष्टान्त ते, सांभलजो सुखकार ॥ ६ ॥
साहुकार रे दोय सुत, एक कपूत अनधार ।
अण करणी जाणां तणुं, माथै करे अपार ॥ ७ ॥

दूजो सुन जग दीपनो, यश संसार मझार।
करड़ी जागांरो करज, ऊतारै तिण वार ॥ ८ ॥
कहो केहने वरजे पिता, दोय पुत्र में देख।
वरजे कर्ज करे तसु, के ऋण मेटन पेख ॥ ६ ॥

॥ ढाल ३२ मी ॥

(समता रस विरला ए देशी)

कर्ज माथे सुन अधिक करंतो। बार बार पिता बरजंतोरे, समझू नर बिरला ॥ करड़ी जागां रा माथे कांय कीजे, प्रत्यक्ष दुख पामीजे रे ॥ सम ॥ १ ॥ अधिक माथारो जे कर्ज उतारे, जनक तास नहिं वारे रे। सम० पिता समान साधुजी पिछाणो, बकरो रजपूत वे सुत माणो रे ॥ सम० ॥ २ ॥ कर्म्म रूप ऋण माथे कुण करतो, आगला कर्म्म कुण अपहरतो रे ॥ सम० ॥ कर्म्म ऋण रजपूत माथे करेछै, बकरा संचित कर्म्म भोगवे छै रे ॥ ३ ॥ साधु रजपूत ने वर्जे सुहाय, कर्म्म करज करे कांय रे ॥ सम० ॥ कर्म्म बंध्या घणा गोता खासो, परभव में दुख पासी रे ॥ ४ ॥ सखर पणे तिण ने समझायो, तिणरो तिरणो वंछ्यो मुनिरायो रे ॥ सम० ॥ बकरा जीवावण नहीं दे उपदेश, रूड़ी ओलख बुद्धिवंत रेस रे ॥ ५ ॥ इमहिज कसाई सौ बकरा हणंतो, शुद्ध उपदेश दे तारयो संतो रे ॥ सम० ॥ कसाई गुण

आम साधुरा करन्तो, मुझ तारक आप महंतो रे ॥६॥ वकरा हर्ष्या जीव बचिया विशेष, यांरे काज न दियो उपदेश रे सम० । ज्ञानादि चिऊं कसाई घट आया पिण वकरा तो मूल न पाया रे ॥ ७ ॥ कहे कसाई दोनूं कर जोड़, सौ वकरा करै शोर रे ॥ सम० ॥ कहो तो नीलो चारो थांने चराऊं, पछै काचो पाणि थांने पाऊं रे ॥८॥ आप कहो तो एवर में उछेरूं, कहो तो अमरिया करेरू रे सम० । आप कहो तो सूंपूं आपने आणी, पाइजो धोवण उन्हो पाणी रे ॥ ६ ॥ तुम सूको चारो निरजो वहुलेरो, एवर साधां रो उछेरो रे सम० । साधु कहे सूंस सखरा पालीजे, जावता सूंसांरी कीजै रे सम० ॥ १० ॥ सूंसांरी एम भलावण देवै, वकरां री मूल न वेवै रे सम० । उपदेश देवै जो वकरा बचावण, तो वकरां री देत भलावण रे ॥ ११ ॥ समझ्यो कसाई सखर शिव साई, इणरी मुनि ने दलाली आइ रे, सम० तेहिज धर्म्म साधु ने जोय । पिण वकरां रो धर्म्म न कोय रे ॥ १२ ॥ कसाई अज्ञानी रो ज्ञानी कहायो, पिण वकरा तो ज्ञान न पायो रे सम० । कसाई मिथ्याती रो समकती कहिये, शुद्ध तत्व वकरा न सद्दहिये रे ॥ १३ ॥ हिंसक रो दयावान हुवो कसाई,

दिल बकरां रे दया न आई रे। तिरियो कसाई बकरा नहीं तिरिया, दुर्गति सूं नहिं डरिया रे ॥१४॥ कसाई तिरियो ते धर्म्म बण काज। तारक महामुनि राज रे सम०। तिरण तारण कसाई रा तपासो, थारु हिया में बिमासो रे ॥ १५ ॥ तस्कर नो दूजो दृष्टन्त तेह, सांभलजो ससनेह रे सम०। किणही सेठजी नी हाटे किण बार, उतरिया अणगार रे सम० ॥ १६ ॥ तस्कर रात्रि समै तिणबार, खोलरा है आय किमाड़ रे सम०। तब मुनिवर कहै जागी ने ताम, कुण हो आया किण काम रे ॥ १७ ॥ कहै तस्कर म्हे तो चोर कहाया, इहां चोरी करण ने आया रे सम०। सहस्र रुपयां री थेली मेली सेठ, निडर लेजावसां नेठ रे ॥ १८ ॥ तब साधु उपदेश देवै तिण बार, कह्या चोरी रा फल दुःख कार रे स०। आगै नरक निगोदना दुःख अधिकाया, भिन्न २ भेद बताया रे ॥ १९ ॥ धन तो न्यातीला सह मिल खासी, पर भव दुःख तूं पासी रे सम०। रूड़ो उपदेश देई मुनिराया, त्याग चोरी ना कराया रे ॥२०॥ तस्कर कहै मुझ डुबता ने तार्‌यो, विषम कर्म्म सूं बार्‌यो रे सम०। थारु विविध गुण करत विख्यात, प्रगट थयो प्रभात रे ॥ २१ ॥ इतले दूकान

तणो धणी आयो, ज्ञान नहीं घट माह्यो रे सम० । पेढ़ी ने नमस्कार करि प्रसिद्धो, कांयक लटको साधू ने हो कीधो रे ॥ २२ ॥ तस्कर ने पूछा करी तिवार, कुण हो खोल्या किण दुवार रे सम० । तस्कर बोल्या म्हें चोर छां ताम, अबतो त्यांगे दीधो आम रे ॥ २३ ॥ हुण्डी बटाय ने रुपया हजार, थेलो मांहे मेहली थें तिवार रे सम० । सो म्हे सांझे देखता था सोय, आया लेवण अवलोय रे ॥ २४ ॥ साधां उपदेश देई समझाया, चोरी ना लखण छोड़ाया रे सम० । साधां रो भलो होय जो कारज सारया, तुरत डूबता ने तारया रे ॥ २५ ॥ मेसरी सुण ने हर्ष्यो मन माह्यो, पड़ियो साधांरे पायो रे सम० । आप म्हारी हाट भलांई उतरिया, सकल मनोरथ सरिया रे ॥ २६ ॥ थेलो म्हारी आप राखी थिर थापी, प्रत्यक्ष लेजावता चोर पापी रे सम० । हिवड़ा लेजावता रुपया हजार, निपट हुंतो निराधार रे ॥ २७ ॥ चार पुत्र मुझ चतुर विचारा, कर्म्म वश रहिता कुवारा रे सम० । सुत चारुंई परणाव सूं मार, ओ आप तणो उपगार रे ॥ २८ ॥ इम कहै मेसरी वयण अयागो, ऋषजी तणो तो न रागो रे सम० । धन राखण उपदेश म धार, तेतो तस्कर तारणहार

रे ॥ २९ ॥ कसाई समभयां बकरा कुशले कह्या जी; तस्कर समझयां धन रो धणी राजी रे सम० । कसाई चोर तारण ऋष कामी, धन बकरा राखण नहीं धामी रे ॥ ३० ॥ तीजो दृष्टन्त कहूं तंत सार, एक पुरुष लंपट अधिकार रे सम० । सो पुरुष परनारी नो सेवणहार, अति ही बंधाणी पीत अपार रे ॥३१॥ ते लंपट आयो मुनि तणे पाय, साधां दियो समझाय रे सम० । पर स्त्री नो पाप सुणी भय पायो, अधिक वैरागज आयो रे ॥ ३२ ॥ ते त्याग जाव जीव कीधा ते ठाम, गावै मुनि ना गुण ग्राम रे स० । आप मोने डूबता ने उबारयो, निकुच बिसन थी निवारयो रे ॥ ३३ ॥ शील आदरियो सुणयो तिण नार, उपनो द्वेष अपार रे सम० । उणने कहे म्हें धारयो इकतार धुरही थी थां पर धार रे ॥ ३४ ॥ काम औरां सूं नहीं मुझ कोय, इसड़ी धारी अवलोय रे सम० । कहतो म्हारो कह्यो मानले तास, म्हा सूं करो गृहवास रे ॥ ३५ ॥ कह्यो न मानो तो कूवै पड़ सूं, मोन कुमोते मरसूं रे सम० । जब ते कहे मोने मिलिया जिहाज, प्रत्यक्ष भव-दधि पाज रे ॥ ३६ ॥ त्यां परनारी नो पाप बतायो, म्हे त्याग किया मन लायो रे सम० । तिण सूं म्हारे थासूं मूल

न तार, करे अनेक प्रकार रे ॥ ३७ ॥ इम सुण स्त्री कुवै पड़ी आय, तिण रो पाप साधू नें न थाय रे सम० । समझयो कसाई बकरा बच्या सोय, तस्कर समझ्यां रह्यो धन जोय रे ॥ ३८ ॥ नर लंपट समझ्यां कूवै पड़ी नारो, चतुर हिया में विचारो रे सम० । तस्कर कसाई लंपट ने तारण, साधां उपदेश दियो सुधारण रे स० ॥ ३९ ॥ ए तीनूं तिरिया साधु तारणहार, त्यांरो धर्म्म साधां ने उदार रे स० । मुक्ति मारग यां तीनां रे बधाया, घणा जामण मरण मिटाया रे ॥४०॥ बकरा बच्या धणी रे धन रहियो, तिण रो धर्म्म साधु रे न कहियो रे स० । नार कुवे पड़ी तिण री न पापो, अदल बिचारो आपो रे ॥ ४१ ॥ केई अज्ञानी कहैं भूला भरमो, जीव धन रह्यो तिण रो हैं धर्म्मो रे स० । उणारो सरधा रे लेखे इम थापो, प्रत्यक्ष नार मुआरो है पापो रे ॥४२॥ नार मुआरो पाप दिल नाणै, जीव बचियां रो धर्म्म कांय जाणै रे स० । वले धन रह्या रो धर्म्म कांय धारो, बुद्धिवन्त न्याय विचारो रे ॥ ४३ ॥ भिक्खु स्वाम इम भेद बताया, असल न्याय ओलखाया रे स० । कसाई तस्कर लंपट केरो, भिक्खु दृष्टन्त दियो भलेरो रे ॥४४॥ ऐसा भिक्खु ऋष महा

अवतारी, त्यां श्रद्धा शोधी तंत सारी रे स०। ज्यां पुरुषांरी जे प्रतीत करसी, त्यां रो जीवतव जन्म सुधरसी रे ॥ ४५ ॥ ऐसा भिक्खु याद आवे मोय, हर्ष हिये अति होय रे स०। स्मरण आप तणो नित्य साधूं, भिक्खु पारश साचो म्हे लाधूं रे ॥४६॥ सुर गिर सांप्रत आप सधीरा, मोने मिलिया अमोलक हीरा रे स०। पंचम आरा में कियो प्रकाश, सखरी फैली है बास सुवास रे ॥ ४७ ॥ दोय तीसमी ढाले दृष्टन्त, बरणं बहु बिरतंत रे स०। स्वाम भिक्खु ओलखायो विशेष, तिण म्हें पिण आख्यो सु अशेष रे ॥ ४८ ॥

॥ दोहा ॥

किणहिक भिक्खु ने कह्यो, जीव बच्या ते जाण।
दया कहीजे तेहने, जीवण दया पिछाण ॥ १ ॥
भिक्खु कहै कीड़ी भणी, कीड़ी जाणै कोय।
ज्ञान कहीजे तेहने, के कीड़ी ज्ञानज होय ॥ २ ॥
तब ते कहै कीड़ी भणी, जे कोय कीड़ी जाण।
ज्ञान कहीजे तेहने, पिण कीड़ी नहिं ज्ञान ॥ ३ ॥
वलि भिक्खु कहै कीड़ी भणी, कीड़ी सरधे कोय।
समकित कहीजे तेहने, के कीड़ी समकित होय ॥ ४ ॥
तब ते कहै कीड़ी भणी, कीड़ी सरधे तंत।
समगत ते सरधा सही, पिण कीड़ी नहिं समकीत ॥ ५ ॥
त्याग कीड़ी हणवा तणां, दया तेह दीपाय।

के कीड़ी रही तिका दया, भिक्खु पूछी वाय ॥ ६॥
तव ते कहै कीड़ी रही, तिका दया कहिवाय ।
खोटी सरधा थापवा, बोल्यो झूठ वणाय ॥ ७ ॥
भिक्खु कहै पवने करी, कीड़ो उड़गई ताहि ।
तुझ लेखे दया उड़ गई, निरमल निरखो न्याय ॥ ८ ॥
जद उ कहे विचारने, कीड़ी हणवा रा त्याग कियाह ।
दया तेहिज दीसै खरी, पिण कीड़ी रही न दयाह ॥ ६ ॥

॥ ढाल ३३ मी ॥

(कर्म्म भुगत्यांईज छुटिये ए देशी)

वलता भिक्खु बोलिया, कीड़ी मारण रा पचखाण लाल रे । तेहिज दया साची कही, वारु सुणो इक वाण लालरे, जोयजो रे बुद्धि भिक्खु तणी ॥१॥ रूड़ी दया निज घट में रही, के कीड़ी पास कहाय लाल रे । तब ते कहे पोता कने, कीड़ी पास न कांय ला० ॥२॥ पूज कहै घट में दया, कीड़ी पै दया नहिं कांय ला० । किणरा जतन करणा कहो साचो जाब सुहाय ला० ॥ ३ ॥ करणा जतन दया तणा, के कीड़ी रा यत्न कराय ला० । उ कहै यत्न दया तणा, इम साच बोलो आयो ठाय ॥४॥ त्रिविध त्याग हणबा तणा, दया संवर रूप देख ला० । त्याग विना ही हणे नहीं, सम्बर निर्जरा संपेख ला० ॥ ५ ॥ इमज छकाय हणे नहीं, दया तेहिज दोपाय ला० ।

जगत हणे जीवां भणो, निज पोतारी दया न जाय ला० ॥ भारी बुद्धि भिक्खु तणी, सखरी सिद्धंत संभाल ला० । न्याय मिलाया निरमला, भांज्या भ्रम भयाल ला० ॥ ७ ॥ किणहिक इम पूछा करी, महा मोटो मुनिराय ला० । अति ही थाको उजाड़ में, चालण शक्ति न कांय ला० ॥ ८ ॥ सहजेई गाड़ो आंवतो, तिण गाडा ऊपर बैसाण ला० । गाम माहें आणयो सही, तेहने कांई थयो जाण ॥ ९ ॥ भिक्खु कहै गाड़ो नहीं पूंणिया आवत पेख ला० । गधै चढ़ाय आणयो गाम में, तिण में स्यूं थयो तुझ लेख ला० ॥ १० ॥ तब उ बोलयो तड़क ने, गधारी क्यूं करो बात ला० । स्वाम कहै साधु भणी, दोनूं अकल्प देखात ला० ॥ ११ ॥ गाडे बेसाणे आणयो गाम में, थे धर्म्म तणी करो थाप ला० । तो गधे वैसाणयां ही धर्म है, पाप छै तो दोयां में ही पाप ला० ॥१२॥ उत्पत्तिया बुद्धि आपरी, निरमल चारित नीत ला० । सरधा शुद्ध शोधी सही, वारु स्वाम वदीत ला० ॥ १३ ॥ पाणी अणगल पावियां, केई पाखण्डी कहै पुन्य ला० । केयक मिश्र कहै तिहां, ते दोनूं ई सरधा जबून ला० ॥ १४ ॥ पुण्यवाला कहै पूजने, सुणो भीखण जी बात ला० । महा खोटी

सरधा मिश्र री, किइंई मेल न खात ला० ॥ १५ ॥ भिक्खु स्वामी इम भणै, किणरी फूटी एक ला० । किणरी दोय फूटी सही, वारु करलो विवेक ॥ १६ ॥ मिश्र कहै छै मानवी, त्यांरी फूटी एक ला० । पुन परूपे पाधरो, दोनू फूटी देख ॥ १७ ॥ जाव दियो इम जुगत सूं, अहो अहो बुद्धि अनूप ला० । अहो अहो खिस्या आपरी, चित्त चरचा हद चूंप ला० ॥ १८ ॥ तुम चिन्तामणि सुरतरु, पंचमे कियो प्रकाश ला० । आशा पूरण आप छो, वारु तुम्ह विसवास ला० ॥ १९ ॥ तंत ढाल तेतीसमी, भिक्खु गुण भंडार । अंतर्य्यामी म्हांहरा सुख संपति दातार ला० ॥ २० ॥

॥ दोहा ॥

पचावने वर्ष पूज जी, शहर कांकरोली सार ।
सेहलोतांरी पोल में, ऊतरिया तिण वार ॥ १ ॥
प्रत्यक्ष बारी पोलरी, जड़ी हुंती जिण वार ।
ऋष भिक्खु रहितां थकां, एक दिवस अवधार ॥ २ ॥
वारी खोली बारणें, दिशा जायवा देख ।
निसरिया भिक्खु निशा, पूछै हेम संपेख ॥ ३ ॥
स्वामी बारी खोलण तणो, नहीं काईं अटकाव ।
तब भिक्खु बोल्या तुरत, प्रत्यक्ष ते प्रस्ताव ॥ ४ ॥
पालो शहर तणो प्रत्यक्ष, नाम चौथ जी न्हाल ।
दर्शण करवा आवियो, ए देखै इण काल ॥ ५ ॥

अति शंकिलो यह छै, पिण इण बातरी ताम ।
शंका इणरै ना पड़ी, कैम पड़ी तुझ आम ॥ ६ ॥
हेम कहै म्हारै हियै, कांई शंका रो काम ।
पूछण रूप म्है पूछियो, नहिं शंकारो नाम ॥ ७ ॥
पूज कहै पूछे इसी, इणरो नहिं अटकाव ।
अटकाव हुवै जो पहनो, म्है खोलां किण न्याव ॥ ८ ॥
हेम सुणी जाण्यो हियै, किंवाड़ियो खोलाय ।
आहार लियां में दोष नहीं, खोल्यां दोष किम थाय ॥ ९ ॥

॥ ढाल ३४ वीं ॥

(सुण जो नरनाथ ए देशी)

स्वामि भिक्खुरा दृष्टन्त सुहाया । भव्य उत्तम जीवां मन भाया, सुणजो चित्त शांति भिक्खुना भारी दृष्टन्त ॥ १ ॥ बचन सुधा सागरै बारु, शुद्ध भविजन तारण सारु । सुणजो सुखदाया, स्वामीना दृष्टन्त सुहाया ॥ २ ॥ असल न्याय भिन्न २ ओलखाया, प्रभु पंथ भिक्खु हद पाया ॥ ३ ॥ भेषधारी सरधा हीन भयाला, दियो दृष्टन्त पूज दयाला ॥ ४ ॥ समकत हीण जे अधिक असार, यांरो असल नहीं आचार ॥ ५ ॥ थोथा चणारी भखारी थी एक, साबतो चणो मूल म पेख ॥ ६ ॥ ऊंदरा रड़बड़ कीधी आखी रात, एक कण पिण नायो हाथ ॥७॥ सांग धार्‌यां माहें समकत नाहिं, पड़े ऊंदर सम नर

पाय ॥ ८ ॥ कहो साध श्रावक त्यांने केम कहाय, ए तो दोनूं सरीखा देखाय ॥ ९ ॥ समकित रहित दोनूंई तंत, दियो स्वाम भिक्खु दृष्टन्त ॥ १० ॥ कोयलां री तो राब अतिकाली, काला बासण में रांधी कराली ॥ ११ ॥ अमावस नी रात्रि आंधा जीमण वाला, परुसण वालाई आंधा पयाला ॥ १२ ॥ जीमतां बोलै खुंखारा करता, कालो कूंखा टालजो मतिवंता ॥ १३ ॥ कहै खबरदार होय जीमजो सोय, रखे आय जायला कालो कोय ॥ १४ ॥ मूढ़ इतरो नहीं जाणै समेलो, कालोहिज कालो हुवो भेलो ॥ १५ ॥ ज्यूं सरधा आचार रो नहीं ठिकाणु, सगलो मिलियो सरीखो घाण ॥ १६ ॥ साध श्रावक पणारो अंश नहीं सारो, संवर लेखे दोयां रे अंधारो ॥ १७॥ न्याय री बात नहीं शुद्ध नीत, वले बोले वचन विपरीत ॥ १८ ॥ बस्त्र पात्रा अधिक राखे विशेष, आधा कर्म्मादि दोष अनेक ॥ १९ ॥ वले कहै भीखणजी काढ़ो इण रो तार, शुद्ध स्वाम बोल्या सुखकार ॥२०॥ तब पूज कहै काढ़े तार कांई, थाने डांडा ही सूझे नाहीं ॥ २१ ॥ सबल आधाकर्मी आदि न सूझै, कहो नान्हा दोष किम बूझे ॥ २२ ॥ दोषरी थाप थांरे दिन रेणो, कठिण काम सरधारो तो

कह्यो ।। २३ ।। बायरे वंग घरटी मांड़ी बाई, पीसती जावै ज्यूं उव्यो जाई ॥ २४ ॥ आखो रात्री पीस ढाकणी में उसारयो, एहवो दृष्टन्त भिक्खु उतारयो ॥ २५ ज्यूं दोष लगाय ने डंड न लेवै, कुमति दोष री थाप करेवै ॥ २६ ॥ क्यांरे क्यांरे क्यूंही नहीं रहे कांई, देश सर्व दृष्टन्त देखाई ।। २७ ॥ ऐसा भिक्खु ऋष आप उजागर, शरणागत महा बुद्धि सागर ।। २८ ॥ उत्पत्तिया बुद्धि अधिक अमासी, धुर जिन आज्ञा परमति धामी ॥ २६ ॥ जिन आगन्या माहें धर्म्म जतायो, आज्ञा बारै अशुभ सहु आयो ॥ ३० ॥ सगला न्याय मेल्या सूत्र देख, वाह वाह भिक्खु बुद्धि विशेष ॥ ३१ ॥ याद आयां तन मन हुलसाय, रस कुंपिका तूं ऋषराय ॥ ३२ ॥ स्यूं उपमा तुझ ने कहूं सार, अजिण जिण सरिसा उद्धार ॥३३॥ उववाई में उपम एह अनूप, सखर थिवरांने दीधी स द्रुप ।। ३४ ॥ आदिनाथ ज्यूं काढी धर्म्म आदि, सखरी उपजाई आप समाधि ॥ ३५ ॥ बारु शरण आपरो सुविशाल, म्हारे तूं हिज दीन दयाल ।।३६॥ स्वाम भिक्खु गुण गावत समरियो, म्हारो हिवड़ो हरष सूं भरियो। चौतीसमी ढाले भिक्खु चित्त चाह्या, बारु परमानन्द बरताया ।। ३७ ।।

॥ दोहा ॥

काल वादि करलो थणो, नहिं समकित शुद्ध नींव ।
सिद्धां में पावै नहीं, आखै तास अजीव ॥ १ ॥
बखतरामजी नाम तसु, पुर माहें पहिछाण ।
कुकला कुबुद्धिज केलवी, विहार करि गया जाण ॥ २ ॥
इतले भिक्खु आविया, चरचा करत पिछाण ।
मेघ भाट मुनि ने कहै, वगताजी री वाण ॥ ३ ॥
कालवादि इसड़ी कहै, अति घन वात अतीव ।
भीखण जी गाथा मझे, कहै एकलड़ो जीव ॥ ४ ॥

ते गाथा ।

एकलड़ो जीव खासी गोता, जद आड़ा नहिं आवै बेटा पोता ।
नरक मांहें खातां मारो, पायो मनुष जमारो मत हारो ॥ १ ॥

॥ दोहा ॥

इण विध भीखणजी कहै, गाथा में इक जीव ।
वलि नव तत्व में पांच कहै, विरुई वात अतीव ॥ ५ ॥
जो पांच जीव नव तत्व में, तो कहिणो पांचलड़ो जीव ।
एकलड़ो ते किम कहै, इम पूछा तिण कीव ॥ ७ ॥
पूज कहै तस पूछणो, सिद्धां में सुखकार ।
कहो आतमा केतली, तव कालवादि कहै च्यार ॥ ८ ॥
फिर त्यांने इम पूछणो, ते च्यारु जीव के नाहिं ।
जब कहै च्यारु जीव है, चार जीव तस न्याय ॥ ९ ॥
चौलड़ो जीव त्यांहि कह्यो, मुझ लड़ अधिको एक ।
सांभल ने ते समझियो, मेघो भाट विशेष ॥ १० ॥

॥ ढाल ३५ मी ॥

(राजा दशरथ दीपता रे ए देशी)

भीक्खण जी पधारिया रे, देश ढूंढार दीपायो रे, अति घणा श्रावगी आविया रे ॥ चरचा करण चित्त चाह्यो रे, भारी बुद्धि भिक्खु तणी रे ॥ १ ॥ स्वाम भणी कहै श्रावगी रे, नग्न मुद्रा मुनि नागा रे। तार मात्र वस्त्र न राखणो रे, राखै ते परीषह थी भागा रे, तंत दृष्टन्त भिक्खु तणा रे॥ २ ॥ वस्त्र राखो शीत टालवा रे, तो भागा शीत परीषह थी ताह्यो रे। तिण सूं वस्त्र नहिं राखणो रे, जद पूज बतावै न्यायो रे ॥ ३ ॥ स्वाम कहै कितरा सही रे, परीषह भेद प्रकाशो रे। ते कहै परीषह बावीस छै रे बलि पूछै पूज विमासो रे ॥४॥ कहो प्रथम परीषहो कैसो रे, ते कहे क्षुध्या रो ताह्यो रे। पूज कहै थांरा मुनि रे, आहार करै के नाह्यो रे ॥ ५ ॥ श्रावगी कहै करे सहीरे, इकटंक आहार ते जागां रे। पूज कहै तुझ लेखै मुनि रे, प्रथम परीषह थी भागा रे ॥ ६ ॥ ते कहे क्षुध्या लागां छतां रे, आहार करै अणगारो रे। स्वाम कहे सी लागां सही रे, वस्त्र म्हे राखां बिचारो रे ॥ ७ ॥ पूज बलि पूछा करी रे, प्रगट तुझ मुनि पहिछाणी रे। पाणी पीवै के पीवै नहीं रे, उत्तर

आपो सुजाणी रे ॥ ८ ॥ श्रावगी कहै पीवै सहो रे, इकटंक उदक ते जागां रे। स्वाम कहे तुझ लेखै तिके रे दूजा परीषाह थी भागा रे ॥ ९ ॥ ते कहै तृषा लागां छतां रे, उदक पिये अणगारो रे। स्वाम कहे सी टालिवा रे, वस्त्र ओढां म्हे विचारो रे ॥१०॥ भूख लागां अन्न भोगवै रे, प्यास लागां पिये पाणी रे। इम निर्दोषण आचर्‌यां रे, न भागे परीषह थी नाणी रे ॥ ११ ॥ तिम शीत मंसादिक टालवा रे, मूर्च्छा रहित मुनिरायो रे वस्त्र मानोपेत वावरैरे, ते परीषह थी भागै किण न्यायो रे ॥ १२ ॥ इत्यादिक उत्पात्त सूं रे, उत्तर दीधा अमामो रे। स्वाम गुणा रा सागरु रे, ऊंडी बुद्धि अभिरामो रे ॥ १३ ॥ एक दिवस बहु आविया रे श्रावगी स्वामी पासो रे। कहै वस्त्र न राखो तो तुम तणी रे, वारु करणी विमासो रे ॥ १४ ॥ स्वाम कहै श्वेताम्बर शास्त्र थी रे, घर छोड़ थया अणगारो रे। तिण माहें तीन पछेवड़ी रे, चोल पटादि कह्या सुविचारो रे ॥१५॥ तिण कारण राखां तिके रे, आसता तुझ शास्त्र नो आयां रे। नग्न होय जासा बस्त्र न राखने रे, प्रतीत दिगम्बरनी पायां रे ॥ १६ ॥ जाब दिया अति जुगत सूं रे, बुद्धिवंत हर्षे विशेषो रे। न्याय नीत थांरे

निरमली रे, पक्ष रहित संपेखो रे ॥ १७ ॥ वाह वाह भिक्खु मुनिवरु रे, अन्तर्य्यामी आपो रे। दीपक तूं इण काल में रे, जपूं तुमारो जापो रे ॥१८ ॥ पैंतीसमी ढाल परवरी रे, चरचा दिगम्बर नी छाणी रे। भिक्खु भजन सूं भय मिटै रे, जय जश सुख हद जाणी रे ॥ १६ ॥

॥ दोहा ॥

दया धर्म्म अति दीपतो, श्री जिन आण सहीत।
भिक्खु स्वाम भली परे, पवर धस्रो अति पीत ॥ १ ॥
केई हिंस्या धर्म्मो कहै, दया दया पुकारो कांय।
दया रांड लोटे पड़ी, ऊकरड़ी रे मांहिं ॥ २ ॥
भिक्खु ऋष भाखे भली, दया मात दीपाय।
उत्तराध्ययन चौवीस में, कहि आठ प्रवचन मांय ॥ ३ ॥
किण सेठ आउ पूरो कियो, स्त्री रही लारै सोय।
सपूत सुत है ते सही, यत्न करे ते जोय ॥ ४ ॥
कपूत है ते मात ने, वदै वचन विकराल।
रंडकार नी गाल दे, बोले आल पंपाल ॥ ५ ॥
धणी दया ना दीपता, महावीर महाराज।
ते तो मोख सिधाविया, कीधा आत्तम काज ॥ ६ ॥
श्रावक साधां सपूत ते, दया मात इम जाण।
यत्न करै अति जुगत सूं, विरुई न वदै वाण ॥ ७ ॥
प्रगट्या कपूत थां जिसा, बोलावो कहि रांड।
दया मात ने गाल दे, ते भव २ होवे भांड ॥ ८ ॥
जिम मत एम जमावता, पाखंड मत परिहार।
स्वाम रवि जिहां संचरया, तिमर हरण इकतार ॥ ६ ॥

॥ ढाल ३६ मी ॥

(जोगीड़ो कपट करेछै ए देशी)

किणहिक भिक्खुने कह्यो रे। थे जावो जिण गाम रे मांहि, धसका पड़े लोकां तणे, तिण रो कांई कारण कहिवाय ॥ भिक्खु भवतारक भारी रे, आप प्रगट्या अवतारी रे। उत्पत्तिया बुद्धि अधिकारी रे, दृष्टान्त दिया सुविचारी रे ॥ १ ॥ स्वाम कहै तुम्हे सांमलो रे गारडु आवै गाम। डाकणियां ने काढ़ण भणी, जद कहो डरै कुण ताम ॥ २ ॥ प्रभाते नीला कांटा मभ्के रे, बालस्यां डाकणियां ने बोलाय। तो धसको पड़े डाकणियां तणै, तथा न्यातीलांरे पड़ै ताहि ॥ ३ ॥ दूजा तो लोक राजी हुवै रे, त्यांरे तो चिन्त न काय। जाणै उपद्रव्य शहर तणो मिटै, तिण सूं और तो हर्षित थाय ॥ ४ ॥ ज्यूं गाम में साध आयां छतां रे, भेषधारयां रे धसका पडंत। के त्यांरा श्रावकां रे धसका पड़ै, भारी कर्म्मा तो इम भिड़कन्त ॥ ५ ॥ बारु सरधा आचार बताय ने रे, देशी म्हानें ओलखाय। त्यांरे धसका पड़ै तिण कारणै, हलुकर्मी तो मन हरषाय ॥ ६ ॥ उत्तम मन इम चिंतवै रे, सुणसां साधांरा बखाण। दान सुपात्रे देई करी, करस्यां आतम तणा किलयाण ॥ ७ ॥

कुगुरांरा पखपाती भणी रे, संत मुनि न सुहाय। दृष्टन्त स्वाम दियो इसो। ते तो सांभलजो सुख-दाय ॥ ८ ॥ जुरवालो गयो जीमवा रे, जीमणवार में जाण। पकवान तो कड़वा घणा, बद् बद् कहै लोकां ने वाण ॥ ६ ॥ लोक कहै लागै घणा रे, प्रगट मिठा पकवान। तुझ शरीर में ताव है, जिण सूं कड़ुवा लागै छै जान ॥ १० ॥ ज्यूं मिथ्यात रोग जाड़ो हुवै रे, संत तास न सुहाय। हलुकर्म्मी हिये हर्षंता, चित्त में मुनि दर्शण चाहि ॥ ११ ॥ भूख मरता रोटी वासते रे, सांग साधू नो धारंत। त्यांने कहै चारित चोखो पालजो, जद् स्वाम दिया दृष्टन्त ॥ १२ ॥ बलवन्त बाले बांधने रे, तिणने कहै सिर नाम। सती माता तेजरा तोडजे, ते कांई तोड़े तेजरा ताम ॥ १३ ॥ ज्यूं भेष पहिरे रोटी कारणे रे, तेहने कहो चोखो चारित्र पाल। ते कठिण चारित्र पाले किण विधे, दुक्कर कह्यो है दीन दयाल ॥ १४ ॥ चोखा खोटा गुरु उपरै रे, दियो नावा नो दृष्टन्त। काठ की नाव साजी कही, एक फूटी नावा छिद्रान्त ॥ १५ ॥ तीजी नाव पत्थर तणी रे, उपनय हिये अवधार। शुद्ध संत साजी नाव सारिखा, तिके आप तिरे पर तार ॥ १६ ॥ सांगधारी फूटी नावा सारिखा रे,

आप डुबें औरां ने डबोय । पत्थर नावा जिसा कह्या पाखंडी, जे तीन सौ तेसठ जोय ॥ १७ ॥ उत्तम तास न आदरै रे, धार्या हुवै तो छोड़णा सुलभ । सांगधारी फूटी नावा सारिखा, त्यांने छोड़णा घणा दुर्ल्लभ ॥ १८ ॥ इम भिक्खु ओलखाविया रे, पाखण्डियांने पिछाण । सूं बुद्धि कहिये स्वामनी बाग किहां लग करूं बखांण ॥ १९ ॥ ऊंड़ी तुझ आलोचना रे, तीरथ वच्छल ताम । शासण नायक स्वाम ने, करूं बारम्बार सलाम ॥ २० ॥ तंत ढाल षट तीसमी रे, दाख्या स्वाम दृष्टन्त । भिक्खु भजन थी भय मिटै, अरु जय जश सुख उपजंत ॥ २१ ॥

॥ दोहा ॥

किणहिक भिक्खु ने कह्यो, टोला वाला ताहि ।
शीत उष्ण अति कष्ट सहै, कठिण लोच कराय ॥ १ ॥
तप छठ अठमादिक तपे, सखरी करणी सोय ।
यूंही जासी यां तणी, एहना फल अवलोय ॥ २ ॥
स्वाम कहै इक सेठ रे, पड़्यो देयालो पेख ।
तुरत लाख रुपयां तणो, बिगड़ी बात विशेष ॥ ३ ॥
पछै एक पइसा तणो, आण्यो तेल लिवार ।
पइसो तसु दीधो परहो, तो पइसा रो साहुकार ॥ ४ ॥
रुपया रा गहुं आणने, रुपयो पाछो दीध ।
तो साहुकार रुपया तणो, प्रत्यक्ष ते प्रसिद्ध ॥ ५ ॥

इम पइसा रुपया तणो, साहुकार अवधार।
पिण देवालो लाख नो, तेह नो नहीं साहुकार ॥ ६ ॥
ज्यू पंच महाव्रत पचखने, आधा कर्म्मी आदि।
थाप निरन्तर दोषनी, मेट दीधी मर्य्याद ॥ ७ ॥
ओ देवालो अति घणो, लोच तपादिक कष्ट।
तेह थी किण विध उतरैं, साध पणारो भिष्ट ॥ ८ ॥
मास खमणादिक पचखने, शुद्ध पाल्यां तसु साहुकार।
पिण महाव्रत भाग्यां तेहनो, साहुकार मत धार ॥ ९ ॥

॥ ढाल ३७ वीं ॥

(विछिया नी ए देशी)

किणहिक स्वाम भणी कह्यो। सांगधारयां रे साधू रो सांगरे, उन्हो पाणी धोवण ऐ पिण आचरै॥ मान मूकी रोटी खावै मांग रे, तुम्हें सुणज्यो दृष्टन्त स्वामी तणा ॥ १ ॥ वर्षो वर्ष लोच करावता, शीत तापादि सहे साक्षात रे। विहार नव कलपी विचरता तो ए क्यूं नहीं साध कहात रे॥ २ ॥ स्वाम कहै तुम्हें सांभलो, थिर चारित्र इम किम थाय रे। जेहवी बणी बणाई ब्राह्मणी, तिणरा साथी ऐ पिण कहिवाय रे ॥ ३ ॥ कुण बणी बणाई ब्राह्मणी, तब स्वाम कहे सुविशेष रे। मेरां रो इक गांम घाटा मझे, उठे उत्तम घर नहीं एक रे ॥ ४ ॥ महाजन आवै सो दुख पावै घणा, जब कह्यो मेरा ने जाम रे। अठै

उत्तम घर नहीं एक ही, तिण सूं दुख पावां छां ताम रे ॥ ५ ॥ घणी लागत देवांछां थां भणी, उत्तम घर विण इहां अवधार रे। पाणी रोटी तणी अव खाई पड़ै, शुद्ध राखो उत्तम घर सार रे ॥ ६ ॥ जद मेरां शहर माहें जाय नें, महाजना ने कह्यो मन ल्याय रे, । उत्तम वसो म्हांरा गाम आयने तिणरो ऊपर राखसा तायरे ॥ ७ ॥ इम कह्यो पिण कोई आयो नहीं, एक ढेढांरो गुरु मुओ आम रे। तिण री स्त्री गुरुड़ी तदा, तिण नें मेरां आणी तिण ठाम रे ॥ ८ ॥ बणाई मेरां तिण ने ब्राह्मणी, ब्राह्मणी जिसा वस्त्र पहराय रे। जागां कराय धवल राखी जिहां, तुलसी रो थाणो रोप्यो ताहि रे ॥ ९ ॥ दोय रुपयां रा गेहुं आणे दिया, अधेलीरा मूंग दिया आण रे। एक रुपया तणो घृत आपियो, वदै मेरा तेहने इम वाण रे ॥ १० ॥ पइसा लेई महाजन रा दासां थकी, आवै ज्यांने रोटी कर आप रे। वणी पूछ्यां बतावजे ब्राह्मणी, थिर जात फलाणी थाप रे ॥ ११ ॥ जाता आता महाजन आवै जिके, पूछे पर उत्तम पहिछाण रे। ब्राह्मणी रो घर मेरा बतावता, इम काल कितोयक जाण रे ॥ १२ ॥ इतरे चार व्यापारी आविया, घणा कोसां रा

थाका ते गाम रें। आय पूछ्यो मेरा ने इण तरह उत्तम घर बतावो आम रे ॥ १३ ॥ तब मेरा कहै जावो तुम्हे, तिण ब्राह्मणीरे घर तास रे। जद आया व्यापारी चारूं जणा, प्रगट वचन कहे तिण पास रे ॥ १४ ॥ बाई रोटियां कर रूड़ी रीत सूं, झट घाल थाका आया जाण रे। जद इण गोहां री रोट्यां जाडी करी, सुरहो घृत घाल्यो सुविहाण रे ॥ १५ ॥ कीधी दाल तिण में घाली काचरां, जीमवा लागा चारूंई जाण रे। करड़ी भूख रोट्यां पिण करकड़ी, वणिक जीमता करै बखाण रे ॥ १६ ॥ रांधण देखी फलाणा गामरी, अमकड़िया नगर नी अवलोय रे। रांधणा देखी बड़ा बड़ा शहर नी, इसड़ी चतुराई नहिं देखी कोय रे ॥ १७ ॥ कहै देखो रे दाल किसी करी, अति चोखो है स्वाद अत्यन्त रे। माहें काचरियां किसी स्वाद है, घणी करै प्रशंसा जीमंत रे ॥ १८ ॥ जद आ बोली बीरां बात सांभलो तीखण मिली हूंती ताम रे। खबर पड़ती काचरियां रे स्वादरी, पिण ते मिली नहिं अभिराम रे ॥ १९ ॥ जद यां पूछ्यो तीखण कहै केहने, तब आ कहै तीखण छूरी ताम रे। काचरियां बनावा कारणे, छूरी मिली नहीं अभिराम रे ॥ २० ॥ तब

यां पूछ्यो छूरी तो ने ना मिली, तो किण सूं वनारी तेह रे। आ कहे दातां सूं वनार २ ने, इण दाल मांहें न्हाखी एह रे ॥ २१ ॥ तव ये वोल्या तड़कने हे पापणी, म्हाने भिष्ट किया ते जिमाय रे। इम कहिने लागा थाली पटकवा, तव आ वोली उतावली ताय रे ॥ २२ ॥ वीरां थाली भांगजो मती, अमकड़िया डूंमरी आणी मांग रे। जद ए वोल्या हे पापणी ! तूं कुण जातरी कुण तुझ सांग रे ॥ २३ ॥ जद आ वोली वीरां वात सांभलो, वणी वणाई ब्राह्मणी छूं ताहि रे। असल जातरी तो गुरुड़ी अछूं, मेरा ब्राह्मणो दीधो वणाय रे ॥२४॥ धुर सूं वात सारी कही मांड़ने, सांभलने च्यारूंई पछतात रे भिक्खु कहै साथी ब्राह्मो तणा, सांगधारी सर्व साक्षात रे ॥ २५ ॥ उन्हो पाणी धोवण नित्य आचरै, पिण समकित चारित्र नहीं काय रे। तिण सूं वणी वणाई ब्राह्मणी तिण रा साथी कह्या इण न्याय रे ॥ २६ ॥ दृष्टन्त स्वाम इसो दियो, शुद्ध हेतु, मिलाया सार रे। भारीकर्म्मा सुण द्वेष माहें भरै, चित्त पामै उत्तम चिमत्कार रे ॥ २७ ॥ स्वाम सावद्य निर्वद्य शोधिया, व्रत अव्रत जूआ बताय रे। आज्ञा अण आगन्या ओलखाय ने, दीधी दान दया दीपाय

रे ॥ २८ ॥ भिक्खु स्वाम प्रगटिया भरत में, आप कीधो अधिक उद्योत रे । ऐमो उपगारी कुण इण काल में, जिन ज्यूं घण घट घालो जोत रे ॥ २९ ॥ इसा उपगारी गुण आगला, त्यांरा दृष्टन्त सांभल तंत रे । हलुकर्म्मी हरष हिवड़े धरै, बहुलकर्म्मी रो मुंह विगड़ंत रे ॥ ३० ॥ तंत ढाल कही सात तीसमी, स्वामी मेल्या है न्याय साक्षात रे । रखे शंका कंखा भ्रम राख ने, मत पडिवजजो मिथ्यात रे ॥ ३१ ॥

॥ दोहा ॥

किणहिक भिक्खु ने कह्यो, पाखंडी पहिछाण ।
सूत्र सार जिन वच सरस, वाचे सखर बखाण ॥ १ ॥
स्वाम कहै तुम्हे सांभलो, वाचे सूत्र वखाण ।
जीव बचायां पुण्य मिश्र, छेहड़े इम करै छाण ॥ २ ॥
जिम थायां राती जगे, संसार लेखै जान ।
गीत भला भला गावती, तीखे मन कर तान ॥ ३ ॥
गीतां छेहड़े गावती, मोलो मारू मन्द ।
ज्यूं प्रथम सूत्र प्रगमायने, छेहड़े-सावद्य फन्द ॥ ४ ॥
दोपावे सावद्य दया, दाखे सावद्य दान ।
मोला मारूनीं परे, सर्व विगाड़े तान ॥ ५ ॥
किणहिक भिक्खु ने कह्यो, बुद्धिहीन इक बाल ।
भाठा सूं कीड्यां भणी, कचरतो तिणकाल ॥ ६ ॥
उणरो पथर ले उरहो, खोसी करी कषाय ।
कहो तिणने का सूं थयो, जद स्वाम कहै सुण वाय ॥७॥

तसु पासा थी खोसले, तसु कर में स्यूं आत।
तब ओ वोहर्यो उण तणे, भाठो आयो हाथ ॥ ८ ॥
भाखे पूज विचार लो, धर्म जिन आज्ञा मांहि।
जेवरी को जिण ना कह्यो, इम सर्व वस्तु गिणाय ॥ ६ ॥

॥ ढाल ३८ मी ॥

(सत्य कोई मत० ए देशी)

किणहिक भिक्खु ने कह्यो। टोला वाला ताह्यो रे, आप साध न सरधो यां भणी ॥ तो साध कहो किण न्यायो रे, तंत दृष्टन्त भिक्खु तणा ॥ १ ॥ ए साध अमकड़िया टोला तणा, फलाणा टोलारा साधो रे। इम साध कही बैण उचर्यां बच सत्यके मृषाबादो रे ॥ २ ॥ स्वाम कहे किणहि शहर में, क्रियावर किणरे थायो रे। नेहता फेरै नगर में, वदै इसी पर वायो रे ॥ ३ ॥ अमकड़िया रे नेहतो अछै, खेमा साह रा घर रो जाणा रे अमकड़ियां रे नेहतो अछे खेमा साहरा घर रो पिछाणा रे ॥४॥ देवालो त्यां काढ दियो, तो पिण बाजै साहरे। खेमो देवालयो बाजे नहीं, द्रव्य निक्षेपो देखायो रे ॥ ५ ॥ ज्यूं संजम नहीं पाले जिके, नाम धरावे साधो रे। द्रव्य निक्षेपे साधू कह्यां, मूल न मृषावादो रे ॥ ६ ॥ लकड़ी रा घोड़ा भणी, अश्व कह्यां दोष नाह्यो रे। नाम असद्भाव थापना, कहिण मात्र कहिवायो रे ॥

